तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 7 मई 2026



14 दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज भवन निर्माण ...





13 महिला व युवा मोर्चा की परिचयात्मक बैठक संपन्न






## खबर संक्षेप

### करैत सर्प के डसने से 6 वर्षीय मासूम की मौत

**डौंडीलोहारा।** सुरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम हथौद में करैत सर्प के डसने से छह वर्ष की मासूम बालिका की मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालिका डिंपल चौहान अपने परिजनों के साथ घर में जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान रात लगभग दो बजे करैत सर्प ने उसे डस लिया। कुछ ही देर में बालिका की तबीयत बिगड़ने लगी और उसे घुटन महसूस होने लगी। परिजनों ने जब जांच की तो उसके दाएं पैर के अंगूठे में सर्पदंश के निशान दिखाई दिए। साथ ही घर में सर्प को देखे जाने से यह स्पष्ट हो गया कि उसे सांप ने ही डसा है। घटना के बाद परिजन तत्काल बालिका को डौंडीलोहारा स्थित शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि जीरो में मर्ग कायम कर केस डायरी संबंधित थाना क्षेत्र को भेजी जा रही है।



### गवाही से नाराज युवक ने किया हमला

**बालोद।** कोर्ट में अपने खिलाफ दिए गवाही से नाराज युवक ने रात को टहलने जा रहे युवक के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खेरथाडीह निवासी सहदेव सिंह नेताम ने पुलिस को बताया रात्रि मैं अपने घर से किराना दुकान की ओर जा रहा था, किराना दुकान से पहले हनुमान मंदिर के पास पहुंचा था उसी समय सामने से सरवन धाकड़ आया और तुम मेरे खिलाफ ललित निषाद के तरफ गवाही दिये हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर अपने हाथ में रखे डण्डा से मारने लगा जिससे मेरे सिर में चोट लगकर खून निकला व बाएं हाथ की कलाई में चोट लगा है।

# खैरवाही में नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन का विधायक संगीता ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम खैरवाही मे नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन का विधायक संगीता सिन्हा ने लोकार्पण किया। संगीता सिन्हा ने आंगनबाड़ी केंद्र के 19 बच्चों का मुंह मीठा कराया।

■ छात्रा योगिता निषाद का किया सम्मान

विधायक खैरवाही पहुंची लगातार थोड़ी थेड़ी देर मे विद्युत बंद हो रहे थे। जिससे नाराज विधायक ने तत्काल डीएम एवं बिजली आफिस गुरूर को फोन लगाकर सुधारने का निर्देश दिया। उन्होने चेतावनी दी कि अगर विद्युत आपूर्ति सही ढंग से सफ्लाई नही करते तो गांव वाले के साथ धरने मे बैठगे। उन्होंने

## बिजली कटौती पर नाराजगी, अधिकारियों को सुधार के निर्देश और चेतावनी



### ग्रामीणों की मांग आज पूरी हुई :सरपंच पूर्णिमा सिन्हा

सरपंच पूर्णिमा सिन्हा ने कहा कि ग्रामीणों की मांग आज पूरी हुई है। खैरवाही गांव के लिए बडे पुल से आबादी पारा कलामंच तक सी सी रोड एवं कलामंच की मांग रखी। ग्राम खैरवाही की 12 वी की छात्र योगिता निषाद ने बोर्ड परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। जिसे ग्रामीणों की ओर से मेडल एवं सरपंच पूर्णिमा सिन्हा ने नगद राशि देकर विधायक संगीता सिन्हा ने छात्र को सम्मानित किया। कार्यक्रम मे विधायक के साथ पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, दुर्गू राम सिन्हा, बुलेश्वर सिन्हा, कोमलेश्वर सिन्हा, राकेश चन्द्राकर, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष थानूराम सिन्हा, उपसरपंच तारकेश्वर सिन्हा अतिथि के रुप मे उपस्थित थे। इस अवसर पर द्रोणाचार्य सिन्हा,योगिता शर्मा, गोपाल साहू, तुलेश्वरी साहू, गायत्री चन्द्राकर, भगवती सिन्हा, महेश्वर साहू, संतोष बांडे, भागवत लावत्रे, प्रीतम सिन्हा, बलराम साहू, गोविंद साहू सहित ग्रामीण एवं पंचगण उपस्थित थे।

भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि शराब भट्टी मे भी कालाबजारी चल रहा है, ठेकेदार एवं ढांबा वालो को खुले आम देशी शराब दे रहे है, जिसे 150 रुपये मे बेच रहे है। लेकिन आम लोगो को अधिक दाम के शराब बेच रहे है।

विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्व विभाग वाहवाही लूट रहे है। लेकिन सनौद मे चना खराब बता कर 500 रुपये ले रहे है। राशन मे यही हाल है, जो व्यक्ति का नया नाम जोड रहे है उसे तीन माह का राशन नहीं दे रहे है। जब मेरे पास शिकायत आई तो जानकारी लेने गई तब गरीब परिवार को राशन मिला। सरपंच की मांग पर खैरवाही मे कलामंच बनाने का आश्वासन दिया।

**आयोजन :** 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण हुए लाभान्वित

# सुशासन तिहार: नर्राटोला शिविर में 402 आवेदन प्राप्त, 86 का मौके पर निराकरण







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनता के बीच पहुंचकर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी लेने तथा उन्हें शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु बालोद जिले में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम नर्राटोला में आयोजित शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 402 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 86 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

■ हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

इसके अंतर्गत जिले के आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम नर्राटोला में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम नर्राटोला सहित शिविर में आसपास के 17 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में उपस्थित अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी, सहित अन्य अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड वितरण, मछली जाल के अलावा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम नर्राटोला के हितग्राहियों को शौचालय निर्माण हेतु 12-12 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि तथा शिविर में 05 दिव्यांग जनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।



शिविर में कृषकों को डिजिटल किसान किताब, हितग्राहियों को नया राशन कार्ड का भी वितरण किया गया। इसके अलावा शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। शिविर में अतिथियों ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शिविर में बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई के रस्म को पूरा किया गया। ▶▶ शेष पेज 12 पर

# तालाब में नहाने गए ग्रामीणों पर मधुमक्खियों का हमला, 20 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

अंतिम संस्कार कार्यक्रम पश्चात तालाब में नहाने गए रिश्तेदार व ग्रामीणों पर मधुमक्खियों के अचानक हमला बोल दिया। हमले से लगभग 20 लोग घायल हो गए।

■ 19 पीड़ितों का उपचार जारी, एक की स्थिति नाजुक

घटना गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पेन्डरी के तालाब की है। मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले मे 19 लोगों का इलाज घर पर ही निजी डाक्टर बुलाकर कराया गया, वहीं एक की स्थिति ज्यादा खराब होने से गुण्डरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पेन्डरी निवासी राकेश साहू की माता पांचों बाई साहू के निधन होने पर उनकी अंतिम संस्कार कार्यक्रम पश्चात रि"तेदार व ग्रामीण जन तालाब में नहाने गए थे, इस दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उन लोगों पर हमला कर दिया। तालाब के पार में बरगद का पेड़ है, जिस पर मधुमक्खियों का छाता है। मधुमक्खियों ने झुमुक साहू, नेतराम साहू, देवसिंग, कामता, गिरधारी, गुरुदेव, खुमेंद, भारत साहू, लखन साहू सहित लगभग 20 लोगों को मधुमक्खियों ने काटा। वहीं खलारी निवासी भारत साहू के ऊपर मधुमक्खी ▶▶ शेष पेज 12 पर

# तेज रफ्तार ट्रक ने बस को मारी टक्कर, सभी यात्री सुरक्षित



**बालोद।** बुधवार दोपहर को तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। जिसमे बस सभी यात्री सुरक्षित बच गए। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम करहीभदर से निपानी मार्ग के पास ट्रक ने बस को ठोकर मार दिया। जिसमे बस के किसी भी यात्री को क्षति नही पहुंची। हालांकि हादसे के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया। घटना मे बस और ट्रक दोनों को नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में था और उसने अचानक नियंत्रण खोते हुए सामने से ▶▶ शेष पेज 12 पर

# ब्रदर्स कॉम्बैट क्लब के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन, राज्य चैंपियनशिप में जीते कई पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला के ब्रदर्स कॉम्बैट क्लब के बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने म्यू स्थाई स्टेट चौंपियनशिप में पदकों की बौछार लगाई।

■ जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद के खिलाड़ियों ने स्वर्ण और कांस्य पदकों से बढ़ाया मान

जिसमें भव्य देशलहरे 30 किलो ग्राम भार वर्ग 11वर्ष ने स्वर्ण पदक, हर्ष साहू 58 किलो ग्राम 16 वर्ष कांस्य पदक, अभय यादव 50 किलो ग्राम 13 वर्ष स्वर्ण पदक, बसंत लेडिया 40 किलो ग्राम 15 वर्ष स्वर्ण, दिव्यांश उर्वशा 40 किलो ग्राम 15 वर्ष स्वर्ण पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने कोच आकाश यादव के मार्गदर्शन मे प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ▶▶ शेष पेज 12 पर

# तेंदूपत्ता तोड़ाई पर मौसम की मार, संग्राहकों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

क्षेत्र में "हरा सोना" कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की तोड़ाई शुरू होते ही मौसम ने करवट ले ली है। 5 मई, मंगलवार से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य प्रारंभ हुआ, लेकिन उसी दिन तेज आंधी-तूफान और बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। खरीदी और तोड़ाई के शुरुआती दौर में ही मौसम की इस बेरुखी से संग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

■ आंधी से जनजीवन प्रभावित



मंगलवार को दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। कई स्थानों पर आंधी के कारण पेड़ों की डालियां टूट गईं, वहीं तेंदूपत्ता संग्राहकों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। इससे संग्रहण कार्य कुछ समय के लिए बाधित हो गया। इसके बाद बुधवार, 6 मई को भी मौसम ने फिर से रंग दिखाया। शाम करीब 6 बजे अचानक बारिश शुरू हो गई, जिससे करीब आधे घंटे तक जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। बाजारों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और लोग इधर-उधर बारिश से बचने के लिए दौड़ते नजर आए।

हालांकि कुछ देर बाद बारिश थम गई और स्थिति सामान्य हो गई।

तेंदूपत्ता संग्रहण का यह समय ग्रामीणों के लिए आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत होता है। ऐसे में बार-बार हो रही बारिश से पत्तों की गुणवत्ता और संग्रहण दोनों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। संग्राहकों का कहना है कि यदि इसी तरह मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहा तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए प्रशासन से आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग की अपेक्षा जताई है, ताकि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य सुचारू रूप से जारी रह सके।


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

**एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित**

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**

**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

**प्रति,**

**कार्यसंचालक** (NSDC)
**मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस** (MIPS)
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**

**कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स**

**महोदय,**

.................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..............................
2. पिता/पति का नाम ..............................
3. जन्मतिथि अंकों में ..............................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..............................
   मोबाइल नंबर ..............................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..............................
7. शैक्षणिक योग्यता ..............................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।







# गुण्डरदेही में डीजल चोरी दो ट्रकों से 670 लीटर ईंधन पार

हरिभूम न्यूज ▶▶ बालोद

गुण्डरदेही क्षेत्र में दो ट्रको से चोरो ने 670 लीटर की डीजल चोरी की एक बड़ी घटना को अंजाम दे दिया। जहां अज्ञात चोरों ने रात के समय दो खड़े ट्रकों से सैकड़ों लीटर डीजल चोरी कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीके 4350 और सीजी 24 टी 2429 में क्रमशः करीब 300 लीटर और 370 लीटर डीजल भरा हुआ था, जिसे अज्ञात चोरों ने पूरी तरह खाली कर दिया।

■ दो ट्रक से 670 लीटर डीजल की चोरी, चालक सोते रहे

बताया जा रहा है कि दोनों ट्रकों में मिलाकर 60 हजार रुपए से अधिक का डीजल भरा हुआ था।



घटना रात करीब 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है। ट्रक ड्राइवर और हेल्पर गुण्डरदेही के एक रेस्टोरेंट से कुछ दूरी पर गाड़िया खड़ी कर सो रहे थे। सुबह नींद खुलने पर उन्हें चोरी की जानकारी मिली। चोरों ने टंकी को खोलकर पूरी तरह डीजल निकाल लिया, वहीं घटनास्थल पर अन्य वाहन के टायर के निशान भी मिले हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि चोरों ने पहले से योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया।

## खबर संक्षेप



### सुशासन तिहार के दौरान 23 की बनाई गई आभा आईडी

**भिलाई।** भिलाई-चरोदा निगगम के उमदा वार्ड में आयोजित सुशासन तिहार मे स्वास्थ्य विभाग के स्टाल शिविर का कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निरीक्षण किया। अभिजीत सिंह ने आभा आईडी बनाने की जानकारी ली। शिविर में 23 लोगों का आभा आईडी बनाई गई। कलेक्टर ने अपने समाने एक हितग्राही का आभा आईडी बनवाया। लोगों से अपील करते हुए कहा कि आभा आईडी प्रत्येक व्यक्ति को बनाना चाहिए। उसमें उस व्यक्ति की हेल्थ संबंधित सम्पूर्ण जानकारी रहती है, जिससे किसी भी स्वास्थ्य केंद्र मे देखकर चिकित्सको को इलाज उपलब्ध कराने में सहयोग तथा मरीजों की पूर्व की स्वास्थ्य की स्थिति का पता चलता है। बीईटीओ सैय्यद असलम ने कहा कि सुशासन तिहार स्वास्थ्य शिविर मे कुल 34 लोगों ने जांच की। 7 गर्भवती की जांच, 1 हितग्राही को निश्चय पोषण आहार किट दिया गया। कलेक्टर ने शिविर मे आने वाले लोगों को एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत बी पी, शुगर की स्क्रीनिंग कर पोर्टल में दर्ज करने निर्देश दिए। शिविर में 34 लोगों ओरल कैंसर का, 32 लोगों का बीपी स्क्रीनिंग ओर 7 महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग किया गया। एक बीपी मरीज व एक नया शुगर मरीज का सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त डीएस राजपूत, एसडीएम महेश सिंह राजपूत, चिकित्सक डॉ. ज्योति देवांगन, आर विश्वास, सीपीएम विवेक मिंज सहित अन्य मौजूद थे।

### सेल में उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रति किया जागरूक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर (बीएमडीसी) में समर्थ – सेल में उभरती प्रौद्योगिकियों एवं डिजिटल परिवर्तन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्मिकों को प्रबंधन के प्रति जागरुक किया गया। महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय ने प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम मॉड्यूल के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने तथा व्यावहारिक डिजिटल जागरूकता विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सहायक महाप्रबंधक आर के पटेल व वरिष्ठ प्रबंधक शिव कुमार संकाय सदस्य के रूप में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रतिभागियों को विषयवस्तु को बेहतर ढंग से समझने तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस कार्यशाला में कुल 26 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। तक मॉड्यूल की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। प्रतिभागी इस मंच का उपयोग अपनी शंकाओं के समाधान, पाठ्यक्रम की गहन समझ तथा अधिगम को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने के लिए करेंगे।

### घोटमर्रा में ट्रांसफार्मर, 11 गांवों में मिलेगी पर्याप्त बिजली

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत अधोसरंचना को मजबूत करने की दिशा में निरंतर महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में कार्यपालक निदेशक दुर्ग क्षेत्र संजय खंडेलवाल के मार्गदर्शन एवं अधीक्षण अभियंता, दुर्ग वृत्त आरके मिश्रा के नेतृत्व में साजा संभाग के देवरबीजा वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी घोटमर्रा उपकेंद्र की क्षमता बढ़ाने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। भीषण गर्मी और बिजली की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए विभाग ने यहां पुराने 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर को बदलकर 5 एमवीए का नया पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत (चार्ज) कर दिया है। इस क्षमता वृद्धि से देवरबीजा क्षेत्र के 11 प्रमुख गांवों, ग्राम घोटमर्रा, हड़गांव, भेड़नी, चोटमर्रा, केछवई, कड़ई, हाड़ाहुली, कातुलबोड, मोतेसरा, रौद्र और डरजरा के लगभग 2410 घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। लंबे समय से मांग कर रहे किसानों एवं उपभोक्ताओं के लिए उक्त ग्रामों में अब विद्युत व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

# जर्जर पानी टंकी को डिसमेंटल करने ब्लॉक किए वॉल्व में लीकेज, 9 टंकियों से सप्लाई वाले 28 वार्डों में 24 घंटे से नहीं आया बूंदभर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के 28 वार्डों में पिछले करीब 24 घंटे से लोगों को बूंदभर पानी नहीं मिला। निगम के जलकार्य विभाग की लचर व्यवस्था का खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक पिछले 4 दिनों से पुराने वॉल्व में लीकेज था। वॉल्व को 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट की पुरानी जर्जर टंकी को तोड़ने के दौरान ब्लॉक किया गया था। वॉल्व जमीन से करीब 10 फीट नीचे था, लीकेज की वजह से लगातार उसमें पानी भर रहा था। इस समस्या के निराकरण के लिए निगम के जलकार्य विभाग ने 4 मई को शुरुआत की। मंगलवार को पूरे दिन मेंटेनेंस का काम किया गया। इस दौरान राइजिंग पाइप को काटकर डायरेक्ट पानी की टंकी से जोड़ने का काम किया गया। काम शाम करीब 6 बजे तक चला। इस दौरान शंकरनगर, शक्तिनगर, हनुमान नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, पद्मनाभपुर, शनिचरी बाजार, शिक्षकनगर, गिरधारी नगर सहित 9 टंकियों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इसके कारण शहर के करीब 28 वार्डों में पानी की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित रही। खबर है कि मंगलवार देर रात कर पानी पहुंचने की संभावना कम है। बुधवार यानी 6 मई की सुबह ही पानी सप्लाई स्थिति समान्य हो सकेगी। पेयजल के बिगड़े हालात को लेकर मंगलवार की सुबह महापौर अल्का बाघमार मौके पर पहुंची। उन्होंने अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली। व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## भीषण गर्मी में गहराया जलसंकट : जानकारी के बाद महापौर पहुंची फिल्टर प्लांट



### लीकेज की जगह से पानी निकालने में परेशानी

जानकारी के मुताबिक वॉल्व के जिस जगह पर लीकेज सामने आया, वह जमीन से करीब 10 फीट नीचे था। पानी को खाली करने और मेंटेनेंस करने में निगम के जलकार्य विभाग को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पाइपलाइन को ब्लॉक करने के बाद भी पाइप में जमा पानी लीकेज के स्थान से बार-बार बाहर आ रहा था। इस वजह से लीकेज के मेंटेनेंस में निगम के अमले को खासी मशक्कत करनी पड़ी। अधिकारियों ने बताया कि मेंटेनेंस कर लिया गया है। टंकी में जलभराव शुरू कर दिया गया है। सभी टंकियों को भरने में करीब 7 घंटे का समय लगता है। संभव है कि रात 10 बजे तक सभी टंकियों को भर लिया जाएगा। इस दौरान जहां संभव हो सकेगा, पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।



### पानी सप्लाई सामान्य करने पूरे दिन जुटा रहा निगम का जलकार्य विभाग

जानकारी के मुताबिक 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में लीकेज की बड़ी समस्या उत्पन्न होने के कारण शहर के कई वार्डों में बीते शाम से पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। उक्त समस्या के निराकरण का काम मंगलवार को पूरे दिन जारी रहा। महापौर दो घंटे से ज्यादा समय मौके पर डटी रहीं। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वॉल लीकेज की समस्या को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से दूर किया जाए, ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द सुचारू पेयजल आपूर्ति मिल सके। उन्होंने कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के भी निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल, जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर चंद्राकर, काशीराम कोसरे, अरुण सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### वार्ड 59 एवं 60 में पानी सप्लाई के दौरान बंद रहेंगे बिजली कनेक्शन

वार्ड 59 हरिनगर एवं वार्ड 60 कातुलबोर्ड क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी के कारण पेयजल की खपत में अत्यधिक वृद्धि हो गई है। इसके चलते टुल्लू पंपों के बढ़ते उपयोग से जलापूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे विशेषकर अंतिम छोर के नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। स्थिति के समाधान हेतु निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक निर्णय लिया गया है। निर्धारित जलापूर्ति समय के दौरान संबंधित क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी, ताकि जल वितरण सुचारू रूप से हो सके और सभी नागरिकों को समान रूप से पानी उपलब्ध कराया जा सके। इसे देखते हुए सुबह 8:30 बजे से सुबह 9:30 बजे तक इस व्यवस्था का उद्देश्य जलापूर्ति प्रणाली को संतुलित करना एवं नागरिकों को पेयजल संकट से राहत प्रदान करना है। इस दौरान निगम की टीम मौके का निरीक्षण भी करेगी।

पचास साल बाद भी रहवासी एजबेस्टस शीट की छत वाले आवासों में रहने मजबूर

# भीषण गर्मी में तप रहे हजारों ट्यूबलर शेड वाले क्वार्टर, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के वर्षों पुराने आवासों की मरम्मत नहीं होने का खामियाजा हजारों रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में ट्यूबलर शेड क्वार्टरों में रहना लोगों को मुश्किल हो रहा है। हजारों आवासों की एजबेस्टस की शीट गर्मी की तरह तप रही है। कई बार रहवासियों और यूनियनों की की बीएसपी प्रबंधन से मांग के बाद भी समस्या वर्षों बाद भी जस की तस बनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के दौरान साठ के दशक में विकसित हुई टाउनशिप के अधिकतर आवास जर्जर हो चुके हैं। सबसे खराब स्थिति कई सेक्टरों में स्थित ट्यूबलर शेड क्वार्टरों की है, जिनकी छत एजबेस्टस की होने से गर्मी बढ़ने के साथ ही गर्म हो जाती है। रहवासियों ने बताया कि सुबह नौ दस बजे से ही मकानों की छत तपने से भारी गर्मी के कारण रहना मुश्किल हो जाता है। पचास, साठ साल बाद भी बीएसपी ट्यूबलर शेड क्वार्टरों की छत को लेंटर में तब्दील नहीं कर पाया है। सेक्टर 7, सेक्टर 4 और सेक्टर 8 आदि में हजारों ट्यूबलरशेड क्वार्टर हैं। हर साल गर्मी के मौसम में चार महीने इन मकानों में रहना परिवार के लिए तकलीफदेह होता है। कई क्वार्टरों की छत टूट चुकी है और दरारें आ चुकी हैं। तेज बारिश होने पर छत से इतनी भड़भड़ आवाज आती है कि आपस में कौन बात कर रहा है और टीवी की आवाज भी नहीं सुनाई देती है। मकान भी तंग हैं, जो सिर्फ दो कमरे ही हैं। सभी ट्यूबरशेड मकानों की छत लैंडर किए जाने की जरुरत है।

## यूनियनों ने की संधारण व बड़े आवासों की मांग



### संधारण और बड़े आवासों की दरकार

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों मे स्थित ट्यूबलर शेड क्वार्टर तीन हजार से अधिक हैं। अधिकतर जर्जर हो चुके हैं। रहवासियों ने बताया कि ट्यूबलर क्वार्टर पचास साल पूर्व बनाए गए थे, जिनमें शुरु में अधिकतर ट्रेनीज रहते थे या परिवार में एक दो सदस्य ही थे। लेकिन आज रहवासियों के 4 से 7 सदस्य यहां निवास कर रहे हैं। मात्र दो छोटे कमरों के आवास में इतने लोगों का गुजारा बहुत कठिन हो रहा है। यूनियनों द्वारा प्रबंधन से आज की जरुरत के अनुसार टो बीएचके व थ्री बीएचके नए क्वार्टरों के निर्माण की मांग की जा रही है। ताकि उत्पादन के नित नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले बीएसपी कर्मचारी परिवार से साथ सूकून से रह सकें।

### बारिश में घरों में भर जाता है पानी व कचरा

टाउनशिप के ट्यूबरल शेड क्वार्टरों में भारी गंदगी और बारिश में जलभराव की समस्या भी लाइलाज हो चली है। वर्षों से बेकलेन की सफाई नहीं कराने से सेक्टर 7 में सभी आवासों के पीछे भारी कचरा जमा हो गया है। भारी गंदगी और दुर्गंध से वाशिंदों का रहवास मुश्किल हो चला है। बदबू से बचने कई लोग पीछे का दरवाजा स्थाई रुप से बंद रखते हैं। रहवासियों ने बताया कि बरसात के मौसम में अधिक पानी गिरने पर पीछे और सामने से घर के अंदर रसोई व कमरों पानी भर जाता है। पानी के साथ कचरा और सांप, पताड़ा, मेंढक आदि भी घुस आते हैं। कई लोग बाल्टियों या मोटरपंप लगागर पानी निकालते हैं। कई बार शिकायत के बाद भी सफाई नहीं हुई है। महीनेभर बाद फिर बारिश शुरु होने वाली है।

# सामाजिक बहिष्कार मामले में पांच आरोपी दोषी, 4 को 6 माह का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

समाज द्वारा बहिष्कृत किए जाने से पीड़ित दो ग्रामीणो की घटना के 8 साल बाद न्याय मिला। चार आरोपियो को 6 माह की साधारण कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

एक अन्य की उम्र अधिक होने से न्यायालय उठने एवं 500 रूपये अर्थदण्ड की सजा दी गई। मामला ग्राम सोंहपुर साहू समाज का है। 10 मार्च 2017 को ग्राम के भोलेश्वर सिंह साहू, सुरेश कुमार गंजीर ने कर्मा जयंती समारोह के लिए प्रत्येक घर से 200 रूपये चंदा लेने का विरोध किया। दोनो ने समाज के फंड से ही कर्मा जयंती मनाने की बात कही। आरोप है कि इस पर तात्कालिक सामाजिक अध्यक्ष मनोज कुमार गंगबेर, बुधलाल गंगबेर, हकीमचंद साहू, कलेश्वर राम एवं डिगेन्द्र कुमार ने दोनो का सामाजिक बहिष्कार कर दिया। लगभग दो साल तक बहिष्कार की पीड़ा झेलने के बाद पीड़ितो ने 13 फरवरी 2019 को न्यायालय बालोद में परिवाद प्रस्तुत किया। न्यायालय में लगभग 7 साल चली सुनवाई के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय ने अपना निर्णय सुनाया।

■ हमें न्याय मिला व सत्य की जीत हुई

जिसमें सभी पांचो आरोपियो को दोशी मानते हुए दण्डादेश जारी किया। जिसमे तात्कालिन सामाजिक अध्यक्ष मनोज कुमार गंगबेर, हकीमचंद साहू, कलेश्वर राम एवं डिगेन्द्र कुमार को भादंसं की धारा 500 के तहत 6 माह के साधारण कारावास व 250 रूपये अर्थदण्ड तथा धारा 385/34 भा.द.सं. के अपराध में 6 माह के साधारण कारावास की सजा व 250 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

वही बुधलाल की उम्र अधिक होने से दोनो ही धाराओ में न्यायालय उठने तक की सजा व 250–250 रूपये अर्थदण्ड लगाया गया है। न्यायालय के निर्णय पर परिवादीगणो भोलेश्वर सिंह साहू एवं सुरेश साहू ने संतोश व्यक्ति करते हुए कहा हमे न्याय मिला व सत्य की जीत हुई है।

# सुशासन तिहार 2026: आज पलारी और अर्जुनी में जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत नगर पंचायत पलारी एवं गुरूर विकासखण्ड के अर्जुनी में 07 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यालय नगर पंचायत पलारी में सभी 15 वार्डों के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश कुमार साहू को नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता कामताप्रसाद नागेन्द्र को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अर्जुनी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में अर्जुनी, सोहपुर, सुर्रा, भानपुरी, बोड़रा, धनेली, रमतरा, पेंवरी, घोघोपुरी, बगदई, छेड़िया, भरदा, तार्री, धोबनपुरी, सोरर, कपरमेटा, धनोरा, टे. बरपारा, बोरतरा और भूलनडबरी के ग्रामीण शामिल होंगे।

अर्जुनी में आयोजित इस शिविर के सफल आयोजन हेतु उप संचालक कृषि आशीष चन्द्राकर को नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे एवं बीईओ गुरूर ललित चंद्राकर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम अर्जुनी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिसके अंतर्गत नायब तहसीलदार रमेश कुमार मण्डावी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत पलारी में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर के लिए तहसीलदार हनुमंत श्याम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर स्थल पर आम जनता के लिए शीतल पेयजल के अलावा कूलर आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा आम जनता को शिविर के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु विभिन्न माध्यमों से इसका व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया गया है।

# बढ़ते जल संकट को लेकर शिकायत

**दुर्ग।** शहर में बढ़ते जल संकट और शक्ति नगर तालाब के खाली करने से जनता की परेशानी से अवगत कराया बहुत जल्दी जल संकट को दूर करने की मांग कांग्रेस ने की है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि शहर के 40 वार्ड में जल संकट की स्थिति हो गई है पानी के लिए लोग परेशान हो रहे हैं और नगर निगम दुर्ग पानी की समस्या में उदासीनता बरत रहा है । अभी पूरी गर्मी बाकी है अभी से ये हाल है तो आगे क्या होगा। शक्तिनगर तालाब को भी वर्क आर्डर होने के पहले ही सफाई के नाम से पूरा खाली कर दिया गया इतने दिनों से तालाब खाली होने से वहां की जनता को निस्तार के लिए भी समस्या आ रही है नगर निगम से लगातार शिकायत तो मांग करने के बाद भी महापौर और नगर निगम इस समस्या के लिए कोई भी समाधान नहीं कर रहे



हैं। अगर जल्दी शहर में जल संकट की समस्या का निदान नहीं हुआ और कांग्रेस जनता के साथ नगर निगम के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर अल्ताफ अहमद, देव श्री साहू, राय सिंह डिकोला, प्रकाश देशलहरा, राजू भाटिया, गुरदीप भाटिया, दुष्यंत देवांगन, विमल यादव, अनीश रजा, रफीक खान, प्रकाश शिवनकर, राकेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### मंत्री गजेन्द्र के कार्यालय में झालमुरी बांटकर मनाया जश्न

**दुर्ग।** पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के गंजपारा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ झालमुरी बांटकर जीत का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समर्थक उपस्थित रहे और अपनी खुशी व्यक्त की। गजेन्द्र यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय जन-जन के विश्वास, कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम एवं शीर्ष नेतृत्व के दूरदर्शी मार्गदर्शन का परिणाम है।

### भाजपा का प्रदर्शन चुनावी हथकंडा : मुकेश चंद्राकर

**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने निगम में भ्रष्टाचार और अनियमितता को लेकर भाजपा के प्रदर्शन को पूर्ण रूप से चुनावी हथकंडा बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों से चुप्पी साधे भाजपाइयों को अचानक निगम में भ्रष्टाचार दिखने लगा है। राज्य में अपनी सरकार है, केंद्र में अपनी सरकार है, इसके बावजूद यदि भाजपाइयों को समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरना पड़ रहा है तो यह एक विडंबना है। उन्होंने कहा कि अपनी ही पार्टी में खुलकर हो रही खेमेबाजी को छुपाने के लिए यह प्रदर्शन किया गया।

## पेज 11 के शेष

### सुशासन तिहारः नर्राटोला ...

शिविर मे अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने सुशासन तिहार के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा शासन–प्रशासन के नुमाइंदों का आम जनता के बीच उपस्थिति सुनिश्चित कराकर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी लेने तथा जमीनी स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं की समुचित क्रियान्वयन का पड़ताल करने हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। श्री लकरा ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त शत प्रतिशत आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ों ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा समाज के सभी वर्गोर् के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। कौड़ों ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन–प्रशासन द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर धरातल में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन की पड़ताल की जा रही है। जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम ने भीषण गर्मी में भी नर्राटोला में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति की सराहना की। जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी ने अंचल के प्रमुख मांगों पर प्रकाश डालते हुए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उनके समुचित निराकरण के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। एसडीएम सुरेश साहू ने सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम नर्राटोला सहित नर्राटोला कलस्टर में कुल 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों से प्राप्त कुल आवेदनों के संबंध में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि नर्राटोला खेल मैदान में आज आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम साल्हे, धोतिमटोला, चिखली, नर्राटोला, खैरवाही, आडेझर, कुमुडकट्टा, गुदुम, नलकसा, कोपेडेरा, मरकाटोला, कोटागांव, सल्हईटोला, कामता, अवारी, छिंदगांव और बम्हनी सहित 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण जन शामिल हुए थे। शिविर में जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, साधना सोरी, ग्राम पंचायत नर्राटोला सरपंच हिंसाराम चिराम एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### तालाब में नहाने...

हमला कर उसके दोनों कान में मधुमक्खी घुस गया था, जिसे तुरंत गुण्डरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके कान में घुसे मधुमक्खियों को बाहर निकाला।

### तेज रफ्तार ट्रक ने ...

आ रही बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में बैठे यात्रियों में चीख–पुकार मच गई और कुछ देर के लिए अफरा–तफरी की स्थिति बन गई। घटना के बाद चालक की हालत देखकर लोगों में आक्रोश फैल गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने ऐसे लापरवाह चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### ब्रदर्स कॉम्बैट क्लब के ...

ने अपने कोच आकाश यादव के प्रशिक्षण में कुछ दिनों पूर्व लखनऊ में हुए राष्ट्रीय एमएमए बॉक्सिंग चौंपियनशिप में भी स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीता था। जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद में कबड्डी, कुश्ती, मलखंभ, बॉक्सिंग, अखाड़ा के निः शुल्क प्रशिक्षण से क्षेत्र के युवा बच्चे खेल के साथ भक्ति संगीत, जीवन निर्माण, देश की सेना, पुलिस आदि में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ब्रदर्स कॉम्बैट क्लब की इस उपलब्धि पर संस्था के प्रशिक्षकों नेमीचंद नाग, आनंद ढीमर, रामेश्वर ढीमर, विजय पारख, रवि पटेल, तनवीर आलम जागेश्वर साहू द्वारिका सिन्हा, मुकेश यादव ने हर्ष व्यक्त किया। उक्त जानकारी संस्था के सचिव विजय पारख ने दी।

### आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने जूपिटर सवार तीन छात्राओं को चपेट में लिया था। हादसा में एक छात्रा की मौत हो गई थी। जिसमें दो का अब भी उपचार जारी है। जामुल पुलिस ने बताया कि ट्रक सीजी 07 सीए 9607 के चालक सांई लीला धर्मकांटा जामुल निवासी राकेश कुमार पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया। शराब के नशे में तेज रफ्तार में ट्रक को चलाते तीन छात्राओं को नंदिनी रोड, जामुल के पास ठोकर मार दी थी। जिसमें प्रीति की मौत हो गई थी। पुलिस ने चालक की जांच करने पर पता चला कि घटना के समय नशे की हालत में था। घटना 3 मई की शाम की है। ट्रक सीजी 07 सीए 9607 के चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार से चलाकर वाहन को ठोकर मार दिया था।

# नालियों में गंदगी, महापौर ने सफाई के दिए सख्त निर्देश

**दुर्ग ।** महापौर अलका बाघमार ने वार्ड 59 कातुलबोर्ड हरिनगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्षद नीलम शिवेंद्र परिहार द्वारा क्षेत्र में नालियों में जमा गंदगी एवं जल निकासी की समस्या की शिकायत की। जिस पर महापौर नालियों में जमी गंदगी और अवरुद्ध जल निकासी को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि जहां-जहां नालियां क्षतिग्रस्त (डेमेज) हैं, उनका शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण रिपेयर किया जाए, ताकि पानी की सुचारु निकासी सुनिश्चित हो सके और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से मॉर्निंग निरीक्षण किया जाए और लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर श्रीमती बाघमार ने हरिनगर के क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, पार्षद नीलम शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, शिवेंद्र परिहार, सहायक अभियंता राजेन्द्र ढबाले, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता पंकज साहू सहित निगम का अमला मौजूद थे।



**खबर संक्षेप**

### कलंगपुर में अज्ञात वाहन की ठोकर से नंदी घायल



**बालोद/कलंगपुर।** गत दिनों सड़क किनारे बैठे ग्राम कलंगपुर के नंदी सांड को एक अज्ञात वाहन ठोकर मारकर फरार हो गया। इस घटना में नंदी का एक पैर फैक्चर हो गया है, जिनकी जानकारी मिलते ही गुण्डरदेही क्षेत्र के गौ सेवकों की टीम द्वारा कलंगपुर पहुंच कर नंदी का उपचार किया गया। इस अवसर पर प्रतापचंद जैन, रामू जैन, गणेश सिन्हा, प्रितम साहू, डोमेन्द्र कोटवार, निर्मलकर, संजय साहू, ढेलू यादव, लल्ला यादव, जेठू साहू, ने भी इन गौ सेवकों के साथ मिलकर नंदी के उपचार में सहयोग किया।

### जागरूकता रैली से दिया नशामुक्त समाज का संदेश

**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में आयोजित पांच दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर के तृतीय दिवस व्यसन मुक्ति जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य समाज में फैली नशा एवं व्यसन जैसी कुरीतियों से लोगों को मुक्त कर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के तहत नया बस स्टैंड क्षेत्र में शिविर में शामिल युवा भाई-बहनों को नशा से होने वाली गंभीर बीमारियों एवं दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी ने सामूहिक रूप से नशा न करने एवं अपने आसपास के लोगों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। रैली गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर विवेकानंद चौक, राजापारा, नया बस स्टैंड और सदर लाइन होते हुए पुनः शक्तिपीठ पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान युवाओं ने नशामुक्ति के संदेश से आमजन को जागरूक किया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू, प्रशिक्षक टोली प्रमुख कुलदीप कृष्ण भारती, प्रशिक्षक डागेश्वर साहू, भेमेश्वरी साहू, आयोजक मिलन सिन्हा, कैलाश साहू, पीलूराम साहू सहित ब्लॉकभर से आए परिजनों का सराहनीय सहयोग रहा।

### डौंडी लोहारा में प्रवेश प्रक्रिया की तिथि 9 तक

**डौंडीलोहारा।** लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी नवीन निर्देशों के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया की तिथि में संशोधन किया गया है। इसी क्रम में पीएम श्री सेजेस, डौंडी लोहारा में भी प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 10 अप्रैल से 09 मई 2026 तक निर्धारित की गई है।

### सुपेला में अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि आकाश गंगा मार्केट जीई रोड सुपेला के पास शराब बेचा जा रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम जलेबी चौक कैम्प 1 निवासी बृजेश कुमार जयसवाल बताया है।

**न्यायालय तहसीलदार, डौण्डीलोहारा**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**
**:: उद्घोषणा ::**

ई-कोर्ट राजस्व प्रकरण क्रमांकः
........ अ-21 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर बालोद, जिला बालोद का पत्र क्र./ 91/ प्र. कले./2026 बालोद दिनांक 25.02.2026 के अनुसार आवेदक नरोत्तम पिता बोधन, जाति मरार निवासी ग्राम खोलझर तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद (छ.ग.) एवं अन्य 05 द्वारा ग्राम खोलझर, तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद स्थित संयुक्त खाते की कृषि भूमि ख.नं. 09 रकबा 1.10 हे. भूमि को दुलसिया बाई के पुत्र की किडनी ट्रांसप्लांट हेतु रुपयों की आवश्यकता होने के कारण क्रेता मुकेश राजपूत पिता गोरेलाल राजपूत (छ.ग.) के पास आपसी सहमति से विक्रय की अनुमति हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र बिन्दुवार जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि को गैर आदिवासी क्रेता को आबंटित किये जाने में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वे दिनांक 15/05/2026 को या इसके पूर्व स्वतः अथवा मान्य अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**डौण्डी लोहारा**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

## शिविर : जनसमस्या निवारण शिविर में उठा मुद्दा, जलभराव से राहत की उम्मीद

# बारिश से पहले नाले की सफाई और चौड़ीकरण की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नगर के वार्ड क्रमांक 20 से गुजरने वाले बारहमासी नाले की सफाई, चौड़ीकरण और बेहतर जल निकासी व्यवस्था को लेकर जन समस्या निवारण शिविर में एक अहम मुद्दा जोरदार तरीके से सामने आया। पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) और नगर पालिका अध्यक्ष को आवेदन सौंपते हुए बारिश से पहले नाले की व्यापक सफाई कराने की मांग रखी।

आवेदन में बताया गया कि यह नाला वार्ड क्रमांक 4, 22, 25, 24 और 23 से होकर गुजरता है, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। नाले के दोनों किनारों पर जमा मलबा और कचरा न केवल दुर्गंध फैला रहा है, बल्कि जल प्रवाह को भी बाधित कर रहा है। ऐसे हालात में बारिश के दौरान वार्ड 23, 24 और चिखलाकसा क्षेत्र में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

राकेश द्विवेदी ने मांग की है कि नाले में जमा समस्त मलबे को हटाकर बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाए और नाले का चौड़ीकरण कर स्थायी जल निकासी व्यवस्था विकसित की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले मानसून में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। स्थानीय रहवासियों ने भी इस मुद्दे पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए बताया कि हर वर्ष बारिश के समय घरों और सड़कों में पानी भर जाता है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। नगर पालिका के एक अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लिया गया है और तकनीकी टीम से निरीक्षण कराकर आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्राथमिकता के आधार पर नाले की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में काम किया जाएगा। जानकार लोगों के अनुसार समय पर नालों की सफाई और उचित रखरखाव से शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही नागरिकों की भागीदारी भी जरूरी है, ताकि नालों में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जा सके। गौरतलब है कि यह नाला प्राचीन समय में "जुझारू नदी" के नाम से जाना जाता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसके संरक्षण और सुधार की दिशा में ठोस पहल की जाए, तो यह न केवल जल निकासी का बेहतर माध्यम बनेगा, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक और प्राकृतिक पहचान को भी पुनर्जीवित कर सकता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी तेजी और प्रभावी तरीके से कार्रवाई करता है, ताकि शहरवासियों को आने वाले मानसून में राहत मिल सके।

## शौचालय निर्माण के लिए मिली राशि से खिले चेहरे

- नर्राटोला की महिलाओं को 12-12 हजार की प्रोत्साहन राशि, वर्षों पुरानी इच्छा हुई पूरी



**बालोद।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम नर्राटोला की ग्रामीण महिला जया चक्रधारी एवं सीता बाई को 12 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त होने से उनके खुशियों का ठिकाना नही रहा। आज उनके गांव नर्राटोला में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्रोत्साहन राशि मिली। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज हमारे गांव में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान मुझे शौचालय निर्माण हेतु 12 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि मिलने से मेरे घर में शौचालय निर्माण करने की वर्षों पुरानी आस पूरी हुई है। जया चक्रधारी ने कहा कि उनके मन में अपने घर में स्वच्छ, सुंदर शौचालय निर्माण करने की बहुत पुरानी इच्छा थी। लेकिन उनके घर की माली हालत खराब होने के कारण वे चाह कर भी अपने घर में स्वच्छ सुंदर शौचालय का निर्माण नही कर पा रही थी। लेकिन आज सुशासन तिहार के अंतर्गत हमारे गांव में आयोजित शिविर में मुझे शौचालय निर्माण हेतु 12 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि मिलने से मेरे मन की मुराद पूरी हो गई है। इसी तरह ग्राम नर्राटोला निवासी सीता बाई ने कहा कि आज के समय में प्रत्येक घरों में शौचालय होना अत्यंत आवश्यक है, खासकर के हम महिलाओं के लिए। लेकिन खराब आर्थिक स्थिति के कारण हमारे जैसे निम्न मध्यम वर्ग के लोग चाहकर भी अपने घर में एक अच्छा शौचालय का निर्माण नही कर पाते हैं। लेकिन आज केन्द्र एवं राज्य सरकार के संवेदनशीलता के फलस्वरूप हमें शौचालय निर्माण हेतु प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुआ है। इसके माध्यम से अब हम अपने घरों में अपनी इच्छा के अनुरूप उपयुक्त शौचालय का निर्माण कर सकेंगे।

## गुण्डरदेही में सुशासन तिहारः समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन शुरू

- राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र सहित विभिन्न मामलों का होगा त्वरित समाधान

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही में आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए सुशासन तिहार के तहत 1 मई से 13 मई तक नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन लिए जा रहे हैं। अभी तक 25 आवेदन विभिन्न वार्डों से प्राप्त हुए है, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने नगर के सभी पार्षदों और नागरिकों से इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

आवेदन 1 मई से 13 मई तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय गुण्डरदेही में आम जनता आवेदन कर सकते है। जिसमे 14 मई को जन समस्या निवारण शिविर जनपद रोड स्थित सामुदायिक भवन गुण्डरदेही में आयोजित की जावेगी। आवेदन की प्रक्रिया और कार्य के तहत नगर के नागरिक और पार्षद अपने वार्ड से जुड़ी समस्याओं का लिखित आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज कर संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। जिसमे राशन कार्ड, भवन अनुमति, जन्म प्रमाण पत्र एवं विकास कार्यों से जुड़े आवेदनों को शासन के पास भेजा जाएगा और शिविर के दौरान त्वरित निराकरण का प्रयास किया जाएगा। 14 मई को आयोजित होने वाले जन समस्या निवारण शिविर में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे ताकि मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# सुरमई संध्या में गूंजे सुर संगीत प्रेमियों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नगर में संगीत प्रेमियों के लिए सुरमई संध्या का आयोजन किया गया। म्यूजिकल ग्रुप बालोद के द्वारा कराओके सिंगिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस संगीत संध्या कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आमंत्रित गायक कलाकारों ने सांगीतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी, नए पुराने फिल्मी गीत एवं गजलें सुनाई। कार्यक्रम का प्रारंभ मां शारदे की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम यदु रायपुर तथा आयोजन समिति के संरक्षक अरुण कुमार साहू, अध्यक्ष मनीष साहू, सचिव लोकेश साहू ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संगीत के माध्यम से हम समाज में शांति एवं आनंद का सृजन कर सकते हैं। जिसमें मनोरंजन एवं प्रतिभा का अनूठा संगम देखने को मिलता है। इस कार्यक्रम में स्थानीय एवं बाहरी प्रतिभाओं को एक मंच मिलने से बालोद की सांस्कृतिक परंपरा और समृद्ध हुई है। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत प्रस्तुति रानू निषाद एवं तबस्सुम के गायन से हुआ। कार्यक्रम का आगाज जगजीत सिंह ने गजल, गायक कलाकार रायपुर से अजय साहू, अजय कुलकर्णी रत्ना नायक, डॉ भव्या शर्मा, सुषमा सारथी, पूर्णिमा झा, हिमांशु श्रीवास्तव महासमुंद से विवेक हंस, राजनांदगांव से माधुरी पांडे, शीला, सुनीता आर्य, कांति मौर्य, धमधा से उमेश चंद्र यादव, शारदा यादव, सतीश उपाध्याय तथा दुर्ग भिलाई से संतोष शर्मा, देवेंद्र शर्मा, दुर्गेश शर्मा, सीमा शर्मा, कुलेश्वर दिल्लीवार, लक्ष्मी बघेल, बलोदा बाजार से स्वाति दुबे, कांकेर से गुलराज शर्मा, गायत्री शर्मा तथा प्रमोद साहू, उत्तम सूरज, सुलोचना सूरज बालोद से डोमन भुआर्य, रानू निषाद, तबस्सुम ने अपनी गायकी से कार्यक्रम में समा बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन अजय कुलकर्णी ने किया।

## फूलबासन बाई यादव के अपहरण की कोशिश से महिला सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा



दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्राम तिरगा के बूथ अध्यक्ष जितेंद्र देशमुख ने पद्मश्री सम्मानित समाजसेवी फूलबासन बाई यादव के साथ कथित अपहरण की कोशिश की घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उनका आरोप है कि भाजपा सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल साबित हो रही है।

छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर चिंता सामने आई है। पद्मश्री सम्मानित समाजसेवी फूलबासन बाई यादव के साथ कथित तौर पर अपहरण की कोशिश की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं और राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात आरोपियों ने फूलबासन बाई यादव को जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि उनके हाथ-मुंह बांधकर उन्हें ले जाने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए खुद को सुरक्षित बचा लिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

फूलबासन बाई यादव प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सेवा के लिए जानी जाती हैं। उन्हें उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए पद्मश्री सम्मान भी मिल चुका है। ऐसे सम्मानित व्यक्तित्व के साथ इस तरह की घटना ने लोगों को हैरान कर दिया है। जितेंद्र देशमुख ने घटना को दुर्भाग्यजनक बताते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध चिंता का विषय हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# झमाझम बारिश से जिला मुख्यालय सराबोर, गर्मी से मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में लगातार दूसरे दिन झमाझम बारिश से नगर सराबोर हो गया। जहां दिन भर तेज धूप के बाद देर शाम होते ही आंधी तुफान व गरज चमक के साथ तेज बारिश देखने को मिली। इसी के सांथ बिजली बंद की समस्या का भी सामना करना पड़ा। गर्मी के मौसम में कड़कती धूप के बीच लगातार देर शाम हो रही अचानक बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया है, जहां तेज गर्मी में पंखे, कूलर, एसी भी गर्मी भगा नही पा रही थी, ऐसे में लगातार दो दिनो से देर शाम हो रही बारिश ने जिलेवासियो को गर्मी से थोड़ा बहुत राहत प्रदान की है। वही तेज गर्मी के बीच देर शाम अचानक हो रही बारिश से बचने के लिए लोगो के पास छाता व रेनकोट नही होने के कारण कई जगहो में लोगों को रूककर बारिश थमने के बाद अपने गतव्य तक जाने का इंतजार करते देखा गया। वही लगातार दो दिनो से हुई बारिश ने अब लोगो को बारिश से बचने के लिए छतरी निकालने पर मजबूर कर दिया है, जिसके कारण अब देर शाम मौसम खराब होते ही कई लोग छतरी पकड़कर आना जाना करते दिख रहे है। लगातार हो रही बारिश से जिले के लोगो को तो गर्मी से राहत मिल रही है। लेकिन दूसरी ओर यही बारिश जिले के किसानो के लिए मुसीबत बनकर आई है।

जहां खेतो में धान के फसल पकने लगे है तथा आम के फल लगे हुए है ऐसे में लगातार हो रही बारिश व तेज हवा से फसल प्रभावित होने का डर बना हुआ है तथा तेज आंधी व तुफान मे आम के फल झड़ने लगे है।

### सूखत के कारण वजन में कमी से 5147 मीट्रिक टन शेष दर्शित, पुनः डीओ जारी

**बालोद।** उप आयुक्त सहकारिता राजेन्द्र राठिया ने बताया कि जिले में विपणन वर्ष 2025-26 में 148293 किसानों से 704163.40 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। जिसमें से पूरे धान का परिवहन किया जा चुका है। उठाव पश्चात धान में सूखत से वजन में कमी आने से वजन शार्टेज की एंट्री से वर्तमान में 5147.28 मेट्रिक टन धान शेष दर्शित हो रहा है। जिसका पुनः डीओ जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि समितियों में उपार्जन पश्चात सीपेज धान का साफ-सफाई कार्य जारी है, जिसके लिए प्रत्येक उपार्जन केन्द्र में 500 बोरी तक का मार्कफेड द्वारा सीपेज बारदाना प्राप्ति का प्रावधान है एवं सीपेज धान का उठाव हेतु बारदाना प्राप्ति कर परिवहन दिया जाना है। उन्होंने बताया कि उठाव हेतु शेष दर्शित मात्र उपार्जन केन्द्रों लगभग 36500 बोरी का सीपेज एंट्री कर 13700 का परिवहन किया जा चुका है, शेष सीपेज 22850 का आगामी तीन दिवस में परिवहन पूर्ण पश्चात लगभग 4000 मेट्रिक टन वजन में कमी के कारण शेष रहेगा। उन्होंने बताया कि उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की गई धान का कही भी बोरी शार्टेज नही है।

# मां-बाप पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



झगड़ा विवाद को शांत कराने पर अपने ही मां पिता के उपर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी ने पूजा रूम में पूजा करने के लिए रखे लोहे की पूजवन-छुरी को निकालकर घटना को अंजाम दिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की छुरी को जप्त किया गया।

ग्राम जमरूवा थाना व जिला बालोद निवासी प्रार्थी गणेश देवांगन 62 वर्ष ने बताया कि 04 मई को रात्रि 07 बजे अपने घर में अपनी पत्नी कुमारी बाई देवांगन के साथ बिस्तर में बैठे थे, उसी समय आरोपी प्रमोद देवांगन घर के दरवाजा को धक्का मारकर अंदर आकर गाली-गलौच करते हुए घर में रखे पूजा रूम से लोहे की छुरी को निकालकर दोनो के उपर प्राण घातक हमला कर कुमारी बाई के सिर एवं दोनो हाथ, गणेश देवांगन के दाहिने हाथ के बड़े उंगली में चोंट पहुंचाने की रिपोर्ट पर धारा 296, 351(3), 115(2), 331(6), 109 बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। थाना स्तर पर एक विशेष टीम तैयार कर आरोपी को चंद घंटे में हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर बताया कि 04 मई को नीलम देवांगन के शादी कार्यक्रम में गए थे, जहां आरोपी की पत्नी यामिनी देवांगन को शादी कार्यक्रम में आए महेन्द्र सतनामी ने गाली-गलौच किए, जिससे झगड़ा बढ़ते देख महेन्द्र सतनामी को आरोपी के पिता गणेश देवांगन पकड़ कर बाहर ले गया, जिस कारण आरोपी ने अपने पिता गणेश देवांगन को अपना साथ नहीं देकर महेन्द्र सतनामी का साथ दिया है इसी कारण बहुत ज्यादा गुस्से में आकर अपनी मां कुमारी बाई एवं पिता गणेश देवांगन को बहुत ज्यादा गाली देते हुए अपनी मां कुमारी बाई के गाल में थप्पड़ से मारकर पूजा रूम में पूजा करने के लिए रखे लोहे की पूजवन-छुरी को निकाल कर अपनी मां कुमारी बाई एवं पिता गणेश देवांगन को के सिर में छुरी से वार किया वार किया, गणेश देवांगन ने कुमारी बाई को बचाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया जिसके दाहिने हाथ में चोंट लगने से बिस्तर से नीचे गिर गया, तब आरोपी लोहे की छुरी से कुमारी बाई को मारने के लिए वार करने लगा जिससे बचने के लिए कुमारी बाई ने अपने दोनो हांथों को अपने सिर के उपर रखी जिस कारण उनके दोनो हाथ छुरी से कटने से चोंट लगा। प्रकरण में आरोपी प्रमोद देवांगन द्वारा घटना में प्रयुक्त लोहे की छुरी की जप्त किया गया है एवं प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया।

## महिला व युवा मोर्चा की परिचयात्मक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में एक परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी टीनेश्वर बघेल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

इसके पश्चात कार्यकर्ताओं का परिचय सत्र आयोजित हुआ। अपने संबोधन में मंडल प्रभारी टीनेश्वर बघेल ने कहा कि युवा मोर्चा और महिला मोर्चा संगठन की रीढ़ हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय होकर अधिक से अधिक युवाओं एवं महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को और अधिक मजबूती मिल सके। उन्होंने हाल ही में तीन राज्यों में मिली पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई भी दी।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ममता यादव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूर्णिमा प्रजापति, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डोमेन्द्र देशमुख, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, युवा मोर्चा अध्यक्ष हीरेंद्र गायकवाड, मंडल उपाध्यक्ष लता गुप्ता एवं संदीप जैन, एकलव्य महाविद्यालय अध्यक्ष जसराज शर्मा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके अलावा महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के विभिन्न पदाधिकारी अनिता सिन्हा, प्रकाश साहू, प्रतिमा साहू, प्रणव साहू, पावेंद्र देशमुख, दीपक थावानी, दिलीप कोसमा, प्रिंस शर्मा, शशि सोनी, निखिल शर्मा, दिलीप बाफना तथा मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क प्रयास मॉडल टेस्ट कल विद्यार्थियों को मिलेगा मार्गदर्शन

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में पदस्थ शिक्षक नीलकंठ धनकर द्वारा प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु पिछले कुछ वर्षों से अभिनव पहल की जा रही है। उनके मार्गदर्शन से बीते वर्ष अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों को लाभ मिला और वे बेहतर तैयारी कर सके। इसी कड़ी में इस वर्ष भी विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से 8 मई, शुक्रवार को प्रयास प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क मॉडल टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। आयोजक शिक्षक नीलकंठ धनकर ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 7 मई की शाम तक अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से कर लें। पंजीयन हेतु विद्यार्थी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में संपर्क कर सकते हैं। इस पहल से क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का बेहतर अवसर मिलेगा तथा उन्हें परीक्षा पैटर्न समझने में भी सहायता मिलेगी।

### भाजपा की जीत पर गुरूर जनपद अध्यक्ष ने जताई खुशी

**गुरूर।** विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल व असम में ऐतिहासिक जीत पर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू ने हर्ष व्याप्त की है।



उन्होंने कहा की यह जीत भाजपा के जमीनी मेहनत, मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम है। जनता ने सनातन संस्कृति एवं विकास के पक्ष में मतदान किया है, यह विजय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व, मजबूत संगठन एवं कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जमीनी स्तर पर अभूतपूर्व कार्य किया, जिसका परिणाम यह ऐतिहासिक सफलता है। उन्होंने कहा कि जीत केवल नेताओं की नहीं बल्कि भाजपा के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता की जीत है, जिन्होंने पार्टी के विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुनीता साहू ने कहा कि राष्ट्रहित, सुरक्षा एवं सुशासन के मुद्दों पर जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है। पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार एवं कानून व्यवस्था की खराब स्थिति से जनता परेशान थी, जिसके चलते मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया।

**आरोप : कागजों में प्लास्टर, पुट्टी और पेंटिंग का काम पूर्ण दिखाया गया**

# दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज भवन निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, जांच शुरू






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

पुलगांव अंजोरा रोड में नव निर्मित दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज के केंद्रीय भवन की गुणवत्ता को लेकर समाज के प्रमुखों ने आशंका जताई है। नींव से लेकर ऊपर एक फ्लोर तक निर्माण में लगभग एक करोड़ 58 लाख रुपए खर्च होने के बाद भी भवन में कई काम अधूरे हैं। इसके चलते भवन उपयोग करने लायक स्थिति में नहीं है। निर्माण में भारी भ्रष्टाचार का आरोप था। इसी के चलते कलेक्टर से पीडब्ल्यूडी के द्वारा जांच कराए जाने की मांग की थी। इसी परिपेक्ष्य में कलेक्टर के आदेश के बाद मंगलवार को पीडब्ल्यूडी के अफसर जांच में पहुंचे थे।

दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन ने बताया कि निर्माण में गुणवत्ता को लेकर समाज में नाराजगी है। उन्होंने बताया कि पूरा निर्माण दो चरण में किया गया है। इसमें नींव से जमीन लेबल तक का काम समाज की राशि से कराया गया है, जिसमें लगभग 58 लाख रुपए खर्च बताया जा रहा है। इसका निर्माण अलग एजेंसी ने किया है। वहीं शासन से प्राप्त एक करोड़ से नींव के ऊपर एक फ्लोर का निर्माण किया गया है जिसका निर्माण निगम दुर्ग द्वारा ठेकेदार से कराया गया है।

बेलचंदन ने बताया कि समाज के लोगों ने भवन का निरीक्षण किया, जिसमें तय किया गया कि भवन निर्माण की अन्य एजेंसी से जांच कराई जाए। क्योंकि जो निर्माण हुआ है उसमें एक करोड़ 58 लाख रुपए खर्च आ ही नहीं सकता। उन्होंने बताया कि एस्टीमेट के अनुसार निर्माण नहीं किया गया है। जिन कार्योंर् के लिए निगम द्वारा 99 लाख 99 हजार लागत बताया जा रहा है। उन्हीं कार्योंर् को निजी इंजीनियरों के द्वारा मूल्यांकन कराए जाने पर 50 से 60 लाख रुपए तक खर्च संभावित बताया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि भवन में कुल 44 पिलर लगाया जाना था, लेकिन 34 पिलर लगाया गया है, बीच में कोई भी पिलर नहीं दिया गया है, इससे भवन के ऊपर निर्माण करने पर भवन के गिरने की आशंका है। इसके अलावा एस्टीमेट के अनुसार तीन कमरे निगम के द्वारा बनाए जाने थे, लेकिन उसे भी नहीं बनाया गया है। प्लास्टर, पुट्टी और तीन कोट पेंट किया जाना बताया जा रहा है, जबकि भवन का प्लास्टर तक नहीं किया गया है। पुट्टी और पेंटिंग की बात तो दूर है।

बेलचंदन ने बताया कि समाज के प्रमुखों द्वारा निरीक्षण में पाया है कि यहां पर समाज के द्वारा तीन कमरे बनाए गए हैं जिसे एस्टीमेट के अनुसार निगम द्वारा बनाया जाना था। इन कमरों की दीवारों में अभी से बड़ी–बड़ी दरारें आ गई है। तीन कमरों के निर्माण में लगभग छह लाख रुपए समाज के द्वारा खर्च होना बताया जा रहा है। दीवारों की स्थिति देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि इसमें भी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया है। इसके अलावा लागत राशि को लेकर भी आशंका है, क्योंकि तीनों कमरे में छत का निर्माण पहले ही हो गया था केवल कॉलम के बीच में दीवारें खड़ी की गई है, खिड़की, दरवाजे, टाइल्स आदि में छह लाख रुपए खर्च होना संदेश जनक है।

#### बिजली बिल, बोर, मुरम फिलिंग सब समाज का

योगेंद्र बेलचंदन ने बताया कि नींव के निर्माण में एग्रीमेंट के अनुसार 34 लाख के लगभग राशि खर्च करना था, इसके अलावा यहां गड्ढों में फीलिंग का काम निर्माण एजेंसी को ही करना था, लेकिन एग्रीमेंट के बाद 6 लाख से ज्यादा का मुरूम समाज के द्वारा डाला गया है, जबकि उक्त राशि एजेंसी के हिस्से में आना था। इसके अलावा निर्माण होते तक बिजली का बिल भी समाज के द्वारा दिया गया है। जबकि पूरे भवन के निर्माण के समय पानी तराई, बिजली का खर्च निर्माण एजेंसी को उठाना था। प्रतिमाह 25000 रुपए तक बिजली बिल समाज के द्वारा दिया गया है जिससे समाज को आर्थिक क्षति हुई है। योगेंद्र बेलचंदन ने बताया कि टेंडर के अनुसार चारों तरफ बाउंड्री वॉल का निर्माण एजेंसी के द्वारा किया जाना था, लेकिन बाउंड्री वॉल नहीं बनाया गया। निर्माण एजेंसी द्वारा पंखा, लाइट लगाकर ऐसे ही छोड़ दिया गया था। बाद में समाज के द्वारा तार घेरा कर भवन को सुरक्षित रखा गया है। चौकीदारी के लिए समाज को अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ रहा है। इसके अलावा 18 क्विंटल का तीन गेट लगाना बताया गया है, जबकि किसी भी स्थिति में तीनों गेट का वजन 18 क्विंटल हो ही नहीं सकता, अधूरे काम को लेकर पूछे जाने पर बताया जाता है कि पैसा खत्म हो गया है। लगभग 2500 स्क्वायर फीट में टाइल्स नहीं लगाया गया है। जो टाइल्स लगाया गया है उसका स्तर एकदम निम्न है।

# ओबीसी संयोजन समिति ने लिए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की 104वीं स्मृति दिवस पर ओबीसी संयोजन समिति की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक तहसील साहू समाज भवन में सम्पन्न हुआ।

■ राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की स्मृति में आयोजन

बैठक में गुलाम भारत में आरक्षण हिस्सेदारी के जनक छत्रपति शाहूजी महाराज द्वारा पिछड़ों दलित, आदिवासी एवं ओबीसी को अपनी रियासत में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें बुनियादी तौर पर मजबूत करने के योगदान को याद किया गया। समिति ने संगठन के सात उद्देश्यों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जिसमें प्रमुख रूप से ओबीसी प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग शामिल है। प्रदेश कार्य समिति के अध्यक्ष टिकेश्वर साहू ने कहा कि 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को तत्काल लागू किया जाए तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामान्य वर्ग की तरह ओबीसी वर्ग को भी सभी सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रें में समान हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाए। प्रशिक्षण को मजबूत करने के लिए जिले में सदस्यता अभियान चलाने पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू ने कहा कि आज ओबीसी समाज अपनी संपूर्ण भागीदारी की लड़ाई लड़ रहा है। इस लड़ाई में कैडरबद्ध सामाजिक प्रशिक्षण देकर संगठन को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने आगामी दिनों में जिले के सभी पांचों ब्लॉकों में संगठन को और मजबूत करने का ऐलान किया। बैठक में लक्ष्मीचंद धनकर, चाणक्य यादव, डॉ मोहनलाल साहू सहित अन्य सदस्यों ने जिले में संगठन की मजबूती के लिए विभिन्न कार्ययोजनाएं प्रस्तावित कीं। इनमें ओबीसी वर्ग की विभिन्न जातियों के सामाजिक अध्यक्षों, ओबीसी कर्मचारियों तथा महाविद्यालय के छात्र–छात्रओं तक सामाजिक प्रशिक्षण पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में यज्ञदेव पटेल, फूलस साहू, सदानंद साहू एवं भिखा राम साहू ने भी ओबीसी जागरण एवं संगठनात्मक मजबूती पर अपने सुझाव दिए।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक संपन्न, मांगों को लेकर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ आर एम चावड़ा ने किया।

मुख्य अतिथि चौनू राम साहू थे। विशेष अतिथि देवकरण पटेल, महेंद्र चंद्राकर, वेणु सॉरी एवं शशि किरण नेताम थे। डॉ आरएम चावड़ा ने कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर 14 सूत्रीय मांग पत्र पूरे छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्षों के द्वारा मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था, गौ सम्मान अभियान कार्यक्रम में पेंशनरों की सहभागिता पर प्रकाश डाला गया। नए सदस्य देवकरण पटेल एवं चौनू राम साहू को सदस्यता ग्रहण करने पर तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। संघ के सक्रिय सदस्य दयालु राम यादव चिरईगोड़ी ने आसपास के सभी गांवों में नियमित रूप से पेंशनरों से संपर्क कर सदस्यता अभियान सहभागिता निभाई। इसके लिए यादव को मुख्य अतिथि के द्वारा शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि अब हम पेंशनर हो चुके हैं और पेंशनर्स के हित के लिए काम करना हमारा दायित्व है। दयालु राम यादव ने कहा मैं संघ के कार्योंर् को अपना कर्तव्य समझ कर निस्वार्थ भाव से किया है। बीवी मेश्राम एवं चोवा राम साहू के आकस्मिक देहावसान होने पर श्रद्धांजलि दी गई। आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष ईश्वर नाथ योगी ने किया।

# चिंगरी के दिव्यांश साहू ने 10वीं में 94% अंक हासिल कर बढ़ाया गांव का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा



ग्राम चिंगरी निवासी होनहार छात्र दिव्यांश साहू पिता दिनेश साहू, माता ममता साहू ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार 94% प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार, गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है। दिव्यांश ने यह सफलता प्रयास आवासीय विद्यालय, सड्डू रायपुर (छत्तीसगढ़) से अध्ययन करते हुए हासिल की है। दिव्यांश साहू की सफलता इसलिए भी प्रेरणादायक है क्योंकि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में लगातार मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया। बताया जाता है कि दिव्यांश ने पिछले 5 वर्षों तक अण्डा स्थित संजय न्यूज़ एजेंसी में अखबार बांटकर अपनी पढ़ाई जारी रखी और मेहनत व लगन से सफलता प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि से ग्राम चिंगरी सहित पूरे अण्डा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दिव्यांश की सफलता पर संजय साहू ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ग्रामवासियों ने कहा कि दिव्यांश साहू ने साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# पुरूर में भाजपा की मासिक बैठक में जीत पर मनाया जश्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भाजपा मिरऍटोला पुरूर की मासिक बैठक सामुदायिक भवन पुरूर सभागार में संपन्न हुआ। पश्चिम बंगाल, असम एवं पुंडुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बीजेपी परिवार द्वारा रानी दुर्गावती चौक पुरूर पर आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई, शुभकामनाएं दी। भारतीय जनता पाटएँ केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा माह के प्रथम सप्ताह में मासिक बैठक लेने के निर्देशानुसार 4 मई को भाजपा पुरूर की मासिक बैठक सामुदायिक भवन पुरूर सभागार में हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया। जहां मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय द्वारा स्वागत उद्बोधन कर मासिक बैठक प्रारंभ किया। मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू ने संगठनात्मक चर्चा कर विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई, शुभकामनाएं दी। मासिक बैठक में पूर्व विधायक प्रीतम साहू, यादव राम साहू, आदित्य सिंह पीपरे, राकेश सिन्हा, प्रहलाद साहू, होमशंकर साहू, यालेश साहू, अजेन्द्र साहू, सविता साहू, आरती साहू, गंगा टंडन, घनाराम जेठमल, राजेन्द्र साहू, रूद्रप्रकाश साहू, धन्नू लाल टंडन, नवीन पटेल, तेज राम साहू, ताम्रध्वज सिन्हा, लक्ष्मीनारायण नेताम, बाबूलाल सिन्हा, शैलेन्द्र सिंह सोरी, कमल देव साहू, जागेशवर साहू, द्वारिका सिन्हा, मिथलेश साहू, केजू राम राम, घनश्याम साहू, कीर्तन माला, देवेन्द्र नेताम उपस्थित थे।







